Dr. Premlata
Department of History

U.G SEM VI

Date ___/___/___

मुस्लिम लीग के निर्माण

1906 ई. में मुस्लिम लीग की स्थापना आधुनिक भारतीय इतिहास की एक अत्यन्त महत्वपूर्ण घटना है। इसने मुस्लिम साम्प्रदायिकता की गति को काफी तीव्र कर दिया जिसकी अन्तिम परिणति भारत के विभाजन के रूप में हुई। निःसंदेह साम्प्रदायिकता की इस भावना को अंग्रेजों ने देश में अपने साम्राज्यवादी आधार को मजबूत करने के लिए फैलाया। अंग्रेजी साम्राज्यवाद को सबसे पहला धक्का 1857 ई. के विद्रोह की सफलता के बाद, अंग्रेजों ने 'फूट डालो और राज करो' की नीति का सहारा लिया और इसी कारण साम्प्रदायिकता का बीजारोपण हुआ।

ब्रिटिश साम्राज्यवाद की स्थापना के पूर्व भारतीय शासन तंत्र पर मुसलमानों का एकाधिपत्य था। सदियों तक शासक बने रहने के कारण वे हिन्दुओं से अपने को श्रेष्ठ मानते थे। अंग्रेजों के हाथों पराजित होने से उनका मनोबल टूटा और उनमें रोष की भावना फैली।

Premlata
History